# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**


विज्ञप्ति संख्या– 27/2025 दिनांक– 25 अगस्त 2025

## :–विज्ञप्तिः–

**उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 02 पदों तथा एसोसिएट प्रोफेसर के रिक्त 07 पदों (बैकलॉग सहित) पर पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको का विवरण तथा साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन सूचना**

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/07/2024–25/888, दिनांकः 19 दिसम्बर, 2024 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 02 पदों तथा एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 07 पदों (बैकलॉग सहित) पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) पद हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 28 जून 2025 (शनिवार) को तथा प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों पर लिखित परीक्षा दिनांक 29 जून 2025 (रविवार) को दो पालियों में यथा प्रथम पाली प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह् 01.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह् 02.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक आयोजित की गई थी। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों का विवरण (अनुक्रमांकवार), साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की कट–ऑफ अंक तथा अंतिम उत्तर कुंजिका बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.ukmssb.org पर उपलब्ध है। अंतिम परीक्षा परिणाम तथा अंतिम कट–ऑफ सूची साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन के उपरान्त जारी किया जायेगा। साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित कट–ऑफ अंकधारित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार एवं अभिलेखों का सत्यापन दिनांक 09 सितम्बर 2025 (मंगलवार) को उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड, देहरादून में आयोजित किये जायेंगे, इस सम्बन्ध में विस्तृत सूचना वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दी गई है। साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र अभ्यर्थी दिनांक 02 सितम्बर 2025 से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव